राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालय मंडलायुक्त (राजस्व)
संसदीय शाखा,
5, शाम नाथ मार्ग, दिल्ली।

अतारांकित प्रश्न संख्या : 44 राजस्व विभाग

दिनांक 29.07.2021

प्रश्नकर्ता का नाम : माननीय विधायक श्री मोहन सिंह बिष्ट जी

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

क्र.सं.	प्रश्न	उत्तर
क)	करावल नगर विधान सभा के अन्तर्गत कुल कितने गाँव है;	सब डिविजन (करावल नगर) के अन्तर्गत कुल 11 गाँव हैं।
ख)	क्या यह सत्य है कि गाँव के लोग एक गाँव से दूसरे गाँव चेक रोड के माध्यम से जाते थे;	केवल राजस्व ग्राम करावल नगर में चेक रोड है, जो गाँववासियों द्वारा आने–जाने हेतु उपयोग में लाई जाती रही है।
ग)	यदि हाँ, तो क्या यह भी सत्य है कि दयालपुर गाँव से तुकमीरपुर गाँव तक जाने के लिए एक चेक रोड बनी हुई थी;	गाँव दयालपुर और तुकमीरपुर राजस्व ग्राम बिहारीपुर के अन्तर्गत आते है, जिसके अक्श सिजरे (नक्शा) में कोई चेक रोड प्रदर्शित नहीं की गई है।
घ)	यदि हाँ तो यह कितने गट्टे की रोड थी, बताने की कृपा करें;	उपरोक्त चेक रोड का संबंधित गाँव के अक्श सिजरे (नक्शा) में प्रदर्शित नहीं होने के कारण, यह नहीं बताया जा सकता कि यह कितने गट्टे की है।
ड़)	क्या यह भी सत्य है कि किसानों द्वारा इस चेक रोड को बेच दिया गया अथवा अतिक्रमण कर दिया गया; और	ऐसी कोई जानकारी राजस्व रिकॉर्ड माल में मौजूद/दर्ज नहीं है।
च)	यदि हाँ, तो इस चेक रोड की निशानदेही करके इसे कब तक खाली करवा लिया जाएगा?	राजस्व ग्राम बिहारीपुर के अक्श सिजरे (नक्शा) में चेक रोड नहीं होने की वजह से इसकी निशानदेही नहीं की जा सकती है।

इसकी स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त कर ली गई है।

28/7/2021

(अनुज कुमार भारती)
उपमण्डलीय दण्डाधिकारी–5 (मु०)

ANUJ KUMAR BHARTI
SDM (HQ)-V
Revenue Department
Govt. of NCT of Delhi
5, Sham Nath Marg, Delhi-54